निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकःएफ.एफ ( )स्था/निकाशि/2012/69 दिनांकः 1-11-2012

परिपत्र

विज्ञान के इस युग में सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु ई-मेल मुख्य साधन है लेकिन वर्तमान में विभाग द्वारा इसका सदुउपयोग नहीं किया जा रहा है। विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा बार-बार दूरभाष पर जानकारी प्राप्त की जाती है कि सूचना किस ई-मेल पर भिजवाई जानी है, जबकि प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों को पूर्व में भी निदेशालय में पदस्थापित अधिकारियों के ई-मेल पते से आवगत कराया जा चुका है एवं निदेशालय में पदस्थापित अधिकारियों के ई-मेल एड्रेस निदेशालय की वेबसाईड पर उपलब्ध है । राज्य सरकार द्वारा भी ई-गवर्नेन्स को बढावा दिया जा रहा है।

अतः प्रशासनिक कुशलता में गुणात्मक सुधार को ध्यान में रखते हुए निदेशालय में पदस्थापित अधिकारियों एवं प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सलाह दी जाती है कि मितव्ययता को ध्यान में रखते हुए पत्र-व्यवहार में अधिकतम ई-मेल का उपयोग किया जावे। साथ ही समस्त पत्र व्यवहार में दूरभाष, फैक्स नम्बर एवं ई-मेल एड्रेस का उल्लेख आवश्यक रूप से किया जावें। सभी प्राचार्यों से आग्रह है कि निदेशालय की जिस शाखा द्वारा सूचना चाही गई है उस शाखा के संयुक्त निदेशक के ई-मेल पर सूचना भिजवायें।

इस परिपत्र की कडाई से पालना सुनिश्चित की जावें।

(सुनील कुमार शर्मा)
निदेशक

क्रमांकःएफ.एफ ( )स्था/निकाशि/2012/69 दिनांकः 1-11-2012

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः -

1. निजी सचिव, निदेशक, कॉलेज शिक्षा।
2. समस्त अधिकारीगण निदेशालय ।
3. समस्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान।
4. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर/जोधपुर/उदयपुर/कोटा/ अजमेर/ बीकानेर।
5. इन्चार्ज वेबसाईड को डाउनलोड करने हेतु।
6. समस्त शाखायें, निदेशालय।
7. रक्षित पत्रावली।

निदेशक